

# बांग्लादेश के खिलाफ भारत को शुरुआती झटका

## भारत को सेमीफाइनल में पहले बल्लेबाजी कर रही भारतीय टीम



**सुल्ताना खातून ने मंधाना को 20 रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा**

**भारत की नजर रिकॉर्ड आठवें एशिया कप खिताब पर**

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**दुबई ,10 सितंबर भारत और बांग्लादेश के बीच महिला एशिया कप 2026 के पहले सेमीफाइनल में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में दोनों टीमों ने अपनी पिछली टीम में कोई बदलाव नहीं किया.**

भारत की नजर रिकॉर्ड आठवीं बार एशिया कप का खिताब जीतने पर है, जबकि बांग्लादेश दूसरी बार यह ट्रॉफी अपने नाम करना चाहता है. भारतीय पारी की शुरुआत स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने की. दोनों ने पहले ओवर में सात रन जोड़कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई. शेफाली ने पारी की पहली चौका भी लगाया. हालांकि तीसरे ओवर में बांग्लादेश को पहली सफलता मिल गई. सुल्ताना खातून की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में मंधाना टॉप-एज कर बैठीं और शॉर्ना अख्तर ने मिडऑफ के पास उनका कैच पकड़ लिया.

मंधाना 20 रन के स्कोर पर आउट हुईं और भारत का स्कोर तीन ओवर के बाद 20 रन पर एक विकेट था. मंधाना के आउट होने के बाद प्रतीका रावल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरीं. भारत की जिम्मेदारी अब शेफाली वर्मा, प्रतीका रावल और कप्तान हरमनप्रीत कौर पर रहेगी. मध्यक्रम में भारती फुलमाली और ऋचा घोष भी टीम को मजबूती देंगी, जबकि दीप्ति शर्मा और प्रेमा रावत पर गेंद और बल्ले दोनों से योगदान देने की जिम्मेदारी होगी.

भारत ने लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों मुकाबले जीते थे. टीम ने थाईलैंड को 94 रन, हांगकांग को 134 रन और पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था. छह अंकों के साथ भारत ग्रुप ए में शीर्ष पर रहा. दूसरी ओर बांग्लादेश ने ग्रुप चरण में इंडोनेशिया को 71 रन और संयुक्त अरब अमीरात को 34 रन से हराया, जबकि श्रीलंका के खिलाफ उसे चार विकेट से हार मिली. चार अंकों के साथ बांग्लादेश ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रहा.

टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत का बांग्लादेश पर दबदबा रहा है. दोनों टीमों के बीच अब तक 24 मुकाबले हुए हैं, जिनमें भारत ने 21 जीते और तीन गंवाए हैं. हालांकि बांग्लादेश ने 2018 एशिया कप में भारत को दो बार हराकर बड़ा उलटफेर किया था. दोनों टीमें इस साल टी-20 विश्व कप के ग्रुप चरण में भी भिड़ी थीं, जहां भारत ने पांच विकेट से जीत दर्ज की थी. इस सेमीफाइनल की विजेता टीम 13 सितंबर को होने वाले फाइनल में श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से भिड़ेगी. भारत की कोशिश इस बार 2024 के फाइनल में श्रीलंका से मिली हार को पीछे छोड़ते हुए आठवां खिताब जीतने की होगी.

### एक नजर में

## सैम्पसन ने गुयाना अमेजन को शीर्ष पर पहुंचाया



**प्रोविडेंस.** इमरान ताहिर (पांच विकेट) की बेंहतरीन गेंदबाजी के बाद क्विंटन सैम्पसन छक्को वाली (नाबाद 37) रनों की पारी के दम पर गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने सेंट लुसिया किंग्स को चार विकेट से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया. 47 साल के इमरान ताहिर ने लगभग अकेले ही सेंट लूसिया किंग्स की बैटिंग लाइन-अप को ध्वस्त कर दिया, जिससे गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने प्रोविडेंस में कम स्कोर वाले मैच में जीत के साथ अपनी जीत की लय फिर से हासिल कर ली. मात्र 120 रन का पीछा करते हुए अमेजन वॉरियर्स 98 रन पर 5 विकेट गंवाकर मुश्किल में थे और उन्हें 17 गेंदों में 22 रन चाहिए थे ऐसे संकट क समय क्विंटन सैम्पसन ने 11 गेंदों में नाबाद 37 रन की शानदार पारी खेलकर जीत पक्की कर दी. उन्होंने अपनी पारी में पांच छक्के और एक चौका लगाया. जिससे किंग्स को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा. इस जीत से अमेजन वॉरियर्स के पॉइंट्स 14 हो गए, जिससे यह पक्का हो गया कि वे सीपीएल 2026 लीग टेबल में सबसे ऊपर रहेंगे और एंटीगुआ एंड बारबुडा फाल्कन्स से एक अंक आगे रहेंगे. अमेजन वॉरियर्स प्लेऑफ से पहले दो और मैच - त्रिनबागो नाइट राइडर्स और बारबाडोस ट्राइडेंट्स के खिलाफ - खेलकर अपने अंकों को और बढ़ा सकते हैं. बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए किंग्स ने ठीक-ठाक शुरुआत की और पावरप्ले में 1 विकेट पर 51 रन बनाए, लेकिन उसके बाद अमेजन वॉरियर्स के गेंदबाजों ने मैच पर पकड़ बना ली.

## काउंटी क्रिकेट में कुलदीप का ऑलराउंड प्रदर्शन



**लंदन.** कुलदीप यादव ने यॉर्कशायर के लिए हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए एसेक्स के खिलाफ 60 रन देकर तीन विकेट लिए और उसके बाद 36 रन की उपयोगी पारी खेली. उनकी और डॉम बेस की आठवें विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी यॉर्कशायर के लिए बेहद अहम साबित हुई. बेस ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 80 रन बनाए. इस साझेदारी की बदौलत यॉर्कशायर अपनी पहली पारी में 390 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया. कुलदीप जब बल्लेबाजी करने आए थे तो यॉर्कशायर के सात विकेट 281 रनों पर गिर चुके थे. वहां से उन्होंने बेस का साथ मिला. दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक एसेक्स की टीम यॉर्कशायर से 253 रन पीछे है. इसके बाद गेंदबाजी में कुलदीप ने एसेक्स के शीर्ष और मध्य क्रम को परेशान किया. उन्होंने सलामी बल्लेबाज पॉल वॉल्टर, नंबर-3 बल्लेबाज और कप्तान टॉम वेसली के अलावा चार्ली एलिसन को आउट किया. कुलदीप ने वॉल्टर और एलिसन को पगबाधा किया, जबकि एसेक्स के कप्तान वेसली को बोल्ड कर दिया. दिलचस्प बात यह रही कि बल्ले से कुलदीप के साथ बड़ी साझेदारी करने वाले बेस ने गेंद से भी उनका अच्छा साथ दिया. दोनों ने मिलकर एसेक्स की पहली पारी में अब तक गिरे सात में से छह विकेट हासिल कर लिए हैं. कुलदीप को घास और तेज गेंदबाजों वाली पिच पर पिछले मुकाबले में गेंदबाजी का मौका नहीं मिला था. वॉरिकशायर और ग्लमॉर्गन के बीच खेले गए एक अन्य मुक़ाबले में भारत के टेस्ट स्टार मानव सुथार ने अपनी टीम की पारी की जीत में अहम भूमिका निभाई. पहली पारी में सुथार ने अपनी तीसरी ही गेंद पर विकेट हासिल कर लिया और इस दौरान एक भी रन नहीं दिया.



# 13 साल बाद ईस्ट जोन के हाथ लगी दलीप ट्रॉफी

**पहली पारी में 372 रन की बढ़त से खिताब पक्का**

**फाइनल ड्रॉ : कौरिशी का नाबाद शतक**

**किशन की कप्तानी में शानदार प्रदर्शन**

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**चेन्नइ, 10 सितंबर. ईस्ट जोन ने दलीप ट्रॉफी पर 13 साल बाद कब्जा जमा लिया. चेपॉक में खेले गए पांचवें और अंतिम दिन के फाइनल में दक्षिण जोन के खिलाफ मुकाबला भले ही ड्रॉ पर खत्म हुआ, लेकिन पहली पारी में मिली 372 रन की विशाल बढ़त ने ईस्ट जोन को चैंपियन बना दिया. ईस्ट जोन ने पहली पारी में 708 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था.**

इसके जवाब में दक्षिण जोन की टीम बड़ा स्कोर नहीं बना सकी और ईस्ट को निर्णायक बढ़त मिल गई. मैच खत्म होने तक ईस्ट जोन ने दूसरी पारी में 99.2 ओवर में 7 विकेट पर 388 रन बनाकर पारी घोषित कर दी. उसकी कुल बढ़त 760 रन की हो गई थी.

कप्तान ईशान किशन ने मैच से पहले ही रणनीति स्पष्ट कर दी थी. उनका लक्ष्य पहली पारी में दक्षिण के सभी 10 विकेट लेकर बड़ी बढ़त हासिल करना था. ईस्ट ने यही किया और खिताब अपने नाम कर लिया. दोपहर 2.10 बजे दोनों टीमों ने हाथ मिलाए और मुकाबला ड्रॉ घोषित हुआ, लेकिन ट्रॉफी पहले ही ईस्ट जोन की हो चुकी थी. 13 साल के लंबे इंतजार के बाद मिली इस सफलता ने ईस्ट जोन के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर मुहर लगा दी.

ईस्ट जोन की खिताबी जीत की नींव कप्तान ईशान किशन ने पहली पारी में रखी. उन्होंने शानदार 270 रन की पारी खेली और लाल गेंद के क्रिकेट में अपनी तैयारी का दमदार प्रदर्शन किया. अनुभवी मोहम्मद शमी ने भी अपने 100वें प्रथम श्रेणी मुकाबले में प्रभावी प्रदर्शन किया. कुमार कुशाग्र ने अपना छठा प्रथम श्रेणी शतक लगाया, जबकि झारखंड के उनके साथी शिखर मोहन ने भी अर्धशतक लगाकर टीम को मजबूती दी.

### कौरिशी ने जड़ा पहला प्रथम श्रेणी शतक

ईस्ट जोन की दूसरी पारी में मोहम्मद कूनैन कौरिशी आकर्षण का केंद्र रहे. उन्होंने 179 गेंदों में अपना पहलाप्रथम श्रेणी शतक पूरा किया और 116 रन बनाकर नाबाद लौटे. यह उनके प्रथम श्रेणी करियर का पहला शतक है. कौरिशी ने अनुकूल रॉय के साथ सातवें विकेट के लिए 150 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की. रॉय ने 64 रन की पारी खेली. ईस्ट की बल्लेबाजी ने पूरे मुकाबले में दक्षिण के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा.

### दक्षिण की रणनीति पर भी उठे सवाल

ईस्ट की जीत के साथ दक्षिण जोन के चयन पर भी सवाल खड़े हुए. टीम प्रबंधन ने करुण नायर, मयंक अग्रवाल और साई किशोर जैसे फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों को टीम में शामिल नहीं किया. उनकी जगह उतरे खिलाड़ी ईस्ट के सामने अपेक्षित चुनौती पेश नहीं कर सके. अनुभवी मोहम्मद सिराज ने जरूर कुछ समय तेज गेंदबाजी से दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला.

# गॉफ ने एंड्रीवा को तीन सेट में हराया

## सेमीफाइनल में एलेना रायबाकिना से होगी टक्कर



**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**न्यूयॉर्क, 10 सितंबर . कोको गॉफ ने हार की कगार से शानदार वापसी करते हुए यूएस ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बना ली. अमेरिका की चौथी वरीय खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन चैंपियन मीरा एंड्रीवा को तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में 2-6, 7-6 ( 7 ), 6-2 से हराया. मुकाबले का सबसे बड़ा मोड़ दूसरे सेट में आया, जब गॉफ ने टाईब्रेकर में दो मैच प्वाइंट बचाए और इसके बाद पूरा मैच ही पलट दिया.**

अब खिताब की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए उनका सामना दुनिया की नई नंबर-1 खिलाड़ी एलेना रायबाकिना से होगा. एंड्रीवा ने मुकाबले की शुरुआत बेहद आक्रामक अंदाज में की. उन्होंने लगातार शुरुआती सात अंक जीतकर गॉफ पर दबाव बनाया और सिर्फ 26 मिनट में पहला सेट 6-2 से अपने नाम कर लिया. गॉफ के लिए मुकाबला मुश्किल होता जा रहा था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी. दूसरे सेट में अमेरिकी खिलाड़ी ने अपने खेल की गति बढ़ाई और मुकाबले को टाईब्रेकर तक ले गईं.

### तीसरे सेट में एंड्रीवा को कोई मौका नहीं

दूसरा सेट जीतने के बाद गॉफ का आत्मविश्वास लौट आया. तीसरे सेट में उन्होंने एंड्रीवा पर लगातार दबाव बनाया और 6-2 से सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया. जीत के साथ गॉफ ने 2023 में जीते अपने यूएस ओपन खिताब को दोबारा हासिल करने की उम्मीद भी कायम रखी. गॉफ ने कहा कि वह मैच के बाद किसी पछतावे के साथ कोर्ट से बाहर नहीं निकलना चाहती थीं. उन्होंने माना कि रायबाकिना के खिलाफ सेमीफाइनल आसान नहीं होगा, लेकिन वह हार मानने वाली नहीं हैं.

## 3 अक्टूबर को भारत से भिड़ेगा ब्राजील

**नई दिल्ली.** भारतीय फुटबॉल के लिए 3 अक्टूबर का दिन ऐतिहासिक होने जा रहा है. पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील की टीम पहली बार भारत के खिलाफ मैदान पर उतरेगी. कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले के लिए ब्राजील ने 26 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है. टीम में रियाल मैड्रिड के स्टार फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर, बार्सिलोना के राफिन्हा और पेरिस सेंट-जर्मेन के अनुभवी डिफेंडर मार्क्विनहोस जैसे बड़े नाम शामिल हैं. मुकाबला स्थानीय समयानुसार शाम 7.30 बजे खेला जाएगा. ब्राजील की टीम में यूरोप के शीर्ष क्लबों में खेलने वाले कई सितारे शामिल हैं. विनीसियस जूनियर अपनी तेज रफ्तार और आक्रामक खेल के लिए जाने जाते हैं, जबकि राफिन्हा बार्सिलोना के अहम खिलाड़ियों में शामिल हैं. मार्क्विनहोस टीम की रक्षापंक्ति को मजबूती देंगे.

# रयबाकिना यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**न्यूयॉर्क, 10 सितंबर कजाकिस्तान की एलिना रयबाकिना ने चीन की किनवेन झेंग को हराकर यूएस ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है.**



आर्थर ऐश स्टेडियम में बुधवार रात खेले गये क्वार्टरफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त रयबाकिना ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए दो घंटे 14 मिनट में झेंग को 3-6, 6-1, 6-4 से हराया. इस जीत के साथ रयबाकिना 1975 में डब्ल्यूटीए एकल रैंकिंग शुरू होने के बाद से शीर्ष पर पहुंचने वाली 30वीं महिला बन गईं. फ्लशिंग मीडोज में बाकी नतीजों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, वह नई वर्ल्ड नंबर 1 बनेंगी और शीर्ष पर आर्यना सबालेंका का लगभग 100 हफ्तों का दबदबा खत्म करेंगी. 2024 पेरिस ओलंपिक चैंपियन झेंग ने आठवें गेम में रयबाकिना की सर्विस तोड़ने के बाद पहला सेट 6-3 से जीता. हालांकि, रिबाकिना ने दूसरे सेट में जोरदार वापसी की और 3-0 की बढ़त बनाने के बाद सेट 6-1 से अपने नाम किया.


**तैयारी** चार स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य जीते, शीतल और हरविंदर ने बढ़ाया गौरव

# पैरा तीरंदाजी में भारत का निशाना सटीक

**15 पदकों के साथ दूसरा स्थान**

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**अहमदाबाद, 10 सितंबर . मेजबान भारत ने विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज के तीसरे चरण में दमदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण, 3 रजत और 8 कांस्य समेत कुल 15 पदक अपने नाम किए. पदक तालिका में भारत दूसरे स्थान पर रहा.**



पांच स्वर्ण के साथ चेक गणराज्य पहले और दो स्वर्ण, छह रजत व पांच कांस्य के साथ चीन तीसरे स्थान पर रहा. भारत के पैरा तीरंदाजों के लिए यह प्रदर्शन इसलिए भी खास रहा, क्योंकि 18 से 24 अक्टूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई पैरा खेलों से पहले यह प्रतियोगिता तैयारियों का अहम मंच थी. भारत की स्वर्णिम मुहिम का नेतृत्व पैरालंपिक चैंपियन हरविंदर सिंह ने किया. उन्होंने विजय सुंडी के साथ मिलकर पैरा रिकर्व पुरुष युगल का खिताब जीता. इसके बाद हरविंदर ने भावना के साथ जोड़ी बनाकर पैरा रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया. इस तरह उन्होंने प्रतियोगिता में भारत के लिए दो स्वर्ण पदक जीते. विश्व चैंपियन और पेरिस पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता शीतल देवी ने भी अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरीं. उन्होंने पैरा कंपाउंड महिला व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता. फाइनल में मुकाबला बेहद रोमांचक रहा. दोनों तीरंदाजों का स्कोर 144-144 से बराबर रहने के बाद निर्णायक निशानेबाजी में शीतल ने सटीक 10 अंक हासिल कर स्वर्ण अपने नाम किया.

### रजत और कांस्य की भी झड़ी

श्याम सुंदर स्वामी और तोमन कुमार ने पैरा कंपाउंड पुरुष युगल में भारत को एक और स्वर्ण दिलाया. भारत की ओर से भावना और पूजा ने पैरा रिकर्व महिला युगल में रजत पदक जीता. तन्वी इंगले ने दृष्टिबाधित वर्ग में रजत हासिल किया, जबकि स्वाति चौधरी और आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी ने महिला प्रथम श्रेणी मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया.भारत के खाते में आठ कांस्य पदक भी आए. इनमें युगल गर्ग ने दृष्टिबाधित वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया. स्वाति चौधरी ने महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य जीता.

# 2027 विश्व कप अभी बहुत दूर : रोहित

**27 से वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे में उतरने की उम्मीद**

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 10 सितंबर भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में खेलने को लेकर अभी कोई स्पष्ट फैसला नहीं किया है. रोहित ने कहा कि विश्व कप अभी काफी दूर है और जब टूर्नामेंट करीब आएगा, तब इस बारे में देखा जाएगा.**

दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में अक्टूबर 2027 में होने वाले विश्व कप को लेकर रोहित का यह बयान उनके भविष्य को लेकर चल रही अटकलों के बीच आया है. रोहित ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में बातचीत के दौरान कहा कि अभी विश्व कप के बारे में फैसला करना जल्दबाजी होगी. वह फिलहाल भारतीय टीम के लिए सिर्फ एकदिवसीय क्रिकेट खेल रहे हैं. उन्होंने टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है.

### 19 जुलाई में खेला था आखिरी मुकाबला



ऐसे में अब उनके अंतरराष्ट्रीय करियर में एकदिवसीय क्रिकेट ही बचा है. रोहित के जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद है. भारत को 27 सितंबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेलनी है. इसके बाद दोनों टीमों के बीच पांच टी-20 मुकाबले भी होंगे. रोहित ने आखिरी एकदिवसीय मुकाबला 19 जुलाई 2026 को इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला था. उस मैच में उन्होंने 110 गेंदों पर 138 रन की शानदार पारी खेली थी, हालांकि भारत मुकाबला हार गया था और एकदिवसीय सीरीज भी गंवा दी थी.